हरिभूमि

# कोरबा भूमि

तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

बिलासपुर, बुधवार 8 जुलाई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4 कटघोरा सिंचाई कालोनी में बनेंगे नए आवास, पुराने होंगे डिस्मेंटल




## खबर संक्षेप

### कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए मेरिट सूची जारी

**कोरबा**। आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास रायपुर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष) योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन 5 जुलाई को किया गया था। जिसका परीक्षा परिणाम 6 जुलाई को घोषित किया गया। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त परीक्षा में सम्मिलित हुए छात्र-छात्राओं का अंको के आधार पर मैरिट सूची जारी किया गया है। जिसका अवलोकन जिले के वेबसाइट एवं कार्यालयीन सूचना पटल में किया जा सकता है। दावा आपत्ति 9 जुलाई शाम 5 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा में जमा किया जा सकता है।

### यातायात नियमों के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई: तिवारी

**कोरबा**। एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने ओवरस्पीड वाहन संचालन, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने, तीन सवारी बैठाने, बिना नंबर प्लेट के वाहन संचालित करने, नो-पार्किंग क्षेत्रों में वाहन खड़े करने तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने एवं यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी विशेष अभियान संचालित कर कार्यवाही करने के लिए कहा।

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं दवाईयों का किया गया वितरण

**कोरबा**। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व संयंत्र के मुख्य अभियंता (उत्पा.) संजीव कंसल के निर्देशानुसार सोमवार को ग्राम पंण्डरीपानी के पंचायत भवन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिविर का शुभारंभ अधीक्षण अभियंता (मुख्यालय) एन. एस. ठाकुर एवं मुख्य रसायनज्ञ उत्तम सिंह चंद्रवंशी के उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व संयंत्र के गृहग्राम पंण्डरीपानी में निशुल्क स्वास्थ्य सेवा हेतु ग्राम सरपंच द्वारा मुनादी करवाकर ग्राम वासियों को स्वास्थ्य शिविर का लाभ पहुंचवाया गया। साथ ही निशुल्क दवाईयां भी वितरित की गई। जिसमें अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर ग्रामवासियों द्वारा स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया गया। ग्रामवासियों द्वारा स्वास्थ्य शिविर की सराहना भी की गई एवं गांव में होने वाली चिकित्सा समस्याओं से भी अवगत कराया गया। स्वास्थ्य शिविर में कोरबा पूर्व मुख्य चिकित्सालय से डॉ कान्हा कृष्ण अग्रवाल फार्मासिस्ट करन यादव, एंग्लो बंधन वार्ड ब्वॉय प्रत्युष पांडे, वाहन चालक अजय रवि का सराहनीय सहयोग रहा।

### 11 वीं में रिक्त सीटों में लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश हेतु आवेदन 10 तक

कोरबा। प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर कोरबा में बालक/बालिका कक्षा 11 वीं में 06 सीट रिक्त है। इन रिक्त सीटों पर प्रवेश प्राक्चयन परीक्षा के माध्यम से होगा। परीक्षा में शामिल होने हेतु कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। प्रयास आवासीय विद्यालय बालक/कन्या डिंगापुर में चयन हेतु प्रदेश के संपूर्ण अनुसूचित क्षेत्र में स्थित शासकीय/ अशासकीय शालाओं से कक्षा 10 वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी होना चाहिये। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 जुलाई है। प्राप्त आवेदन के पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन 14 जुलाई को किया जायेगा। प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 19 जुलाई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक परीक्षा केन्द्र प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर में आयोजित की जायेगी।

# शाला त्यागी बच्चों की जानकारी जुटाने स्कूल के शिक्षकों को दी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में शाला त्यागी बच्चों की जानकारी जुटाने के लिए स्कूल के शिक्षकों को जिम्मेदारी दी जाएगी। जिनके द्वारा अपने स्कूल के आसपास के क्षेत्र में शाला त्यागी बच्चे का सर्वे किया जाएगा। इसके लिए पंचायतों के प्रतिनिधियों को भी शिक्षकों के कार्य में सहयोग करना होगा।

हर पांच वर्ष में शाला त्यागी बच्चों का सर्वे प्रदेश सरकार के द्वारा कराया जाता है। इस वर्ष भी यह सर्वे किया जाएगा। शिक्षा विभाग की बैठक के द्वारा कलेक्टर कुणाल दुदावत के द्वारा इस संबंध में दिए गए निर्देश के तहत ग्रामीण अंचलों के प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षकों को यह जिम्मेदारी दी जाएगी। उनके द्वारा अपने स्कूल के आश्रित गांव के शाला त्यागी बच्चों की जानकारी पंचायत प्रतिनिधियों के साथ दी जाएगी। विकासखंड

### मिडिल स्कूल में ही ज्यादा समस्या

**खास बात**

- पोड़ी उपरोड़ा विकास खंड में 500 से अधिक बच्चों का मामला आया था सामने



### हर एक किमी में प्राथमिक स्कूल

सरकार ने शिक्षा के स्तर को उपर उठाने और प्रसार के लिए हर एक किलोमीटर में प्राथमिक स्कूल खोलने की शुरुआत की थी। परिणाम स्वरूप जिले के सभी ग्रामों में स्कूल खुल चुके हैं। छोटे पारे टोले को छोड़ दिया जाए तो लगभग सभी बड़े पारे टोले में प्राथमिक शाला संचालित है। जिसकी वजह से दर्ज संख्या में ज्यादा नहीं बढ़ पा रही है। इसी तरह माध्यमिक शाला में भी बच्चों की संख्या कम होने का मुद्दा सामने आया है। अधिकांश क्षेत्र में अभी भी पांचवीं कक्षा के बाद बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। इनमें लड़कियों की संख्या ज्यादा बताई गई है। ऐसे क्षेत्रों को भी सर्वे में फोकस किया जाएगा और ये क्षेत्र ऐसे स्थानों में स्थिति हैं जो दुर्गम और पहुंच विहीन क्षेत्रों में आते हैं।

### ये कारण हैं स्कूल नहीं आने के

प्राथमिक शाला के बाद पूर्व माध्यमिक शाला में बच्चों के नहीं आने के कुछ कारण सामने आए हैं। जिनमें युक्तियुक्त करण के तहत मिडिल स्कूलों का अन्य स्थान में संचालित स्कूल में समायोजन तथा काम के सिलसिले में ग्रामीणों का पलायन करना भी इन कारण में शामिल है। जिसकी वजह से बच्चे, अभिभावकों के साथ बाहर चले जाते हैं। वहीं दूसरी ओर कुछ स्थिति पारिवारिक गरीबी भी सामने आई है। स्कूलों का दूर रहना भी प्रमुख कारण है।

पोड़ी उपरोड़ा में 500 से अधिक बच्चों के शाला त्यागी होने का मुद्दा जिला पंचायत सदस्य विद्वान सिंह मरावी ने उठाया था। इसके लिए उन्होंने क्षेत्र में सर्वे का काम कर रही एक निजी संस्था के आंकड़ों का ⏭ शेष पेज 3 पर

### एसईसीएल की तीनों मेगा प्रोजेक्ट में बारिश की वजह से कोयला उत्पादन पर पड़ने लगा असर

# खदानों में दिखने लगा बारिश का असर, उत्पादन में 20 प्रतिशत की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश का असर कोयला खदानों पर भी दिखने लगा है। जिले में

**खास बात**

- खदानों के डीप फेस पर पानी भरने से कोयला उत्पादन में बरतनी पड़ रही सावधानी



खदान का निरीक्षण करते एसईसीएल के अधिकारी। (फाइल फोटो)

संचालित एसईसीएल के तीनों मेगा प्रोजेक्ट में लगातार हो रही बारिश की वजह से लगभग 20 प्रतिशत तक कोयला उत्पादन घट गया है। खदानों में पानी निकासी की व्यवस्था की गई है बावजूद इसके लगातार बारिश होने की वजह से खदान के कुछ क्षेत्रों में पानी भर गया है। लगातार मोटर पंप से पानी निकालने का कार्य चल रहा। इस बीच भारी वाहनों के पहिये कीचड़ में फंस रहे हैं।

मानसून शुरू होने के साथ ही कोयला खदानों में उत्पादन प्रभावित होने लगता है। इसे मद्देनजर रखते हुए कोल इंडिया व एसईसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में खदान से पानी निकासी व्यवस्था बनाई जा रही थी। बेहतर व्यवस्था होने के बाद भी लगातार वर्षा होने से खदानों में इसका असर बढ़ जाता है और पानी भरना स्वाभाविक होता है। कुछ ऐसी ही स्थिति लगातार पिछले चार दिनों से बारिश की वजह से बन गई है। खदानों में कार्य की गति धीमी पड़ गई है। पिछले 24 घंटे में खदानों में लगभग 20 प्रतिशत तक कोयला उत्पादन प्रभावित हुआ है। देश की सबसे बड़ी गेवरा कोयला खदान में उत्पादन कम होने ⏭ शेष पेज 3 पर

### मानसून पूर्व प्रबंधन करता है तैयारी

बारिश के दौरान देश की ऊर्जा जरुरतों में बाधा ना आए इसके लिए एसईसीएल मानसून पूर्व की तैयारियां जैसे वाटर पंप लगाना, ड्रेनेज की व्यवस्था और कोयले को भीगने से बचाना सुनिश्चित करता है जिससे निर्बाद्ध कोयले की आपूर्ति बनी रहे। इसके अलावा कंपनी प्रबंधन बारिश के कारण काम में लापरवाही ना बरतने के निर्देश देता

### कीचड़ और मलबे में फंसी कोयला गाड़ियां



एसईसीएल गेवरा के अधीन कार्यरत पीएनसी कंपनी एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवालों के घेरे में है। पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के बाद रास्ता पूरी तरह कीचड़, मलबे और पत्थरों से भर गया है। इसी बीच कोयला परिवहन में लगी भारी गाड़ियां दलदल में फंस गई हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इससे पहले भी ओबी परिवहन में लगी कई भारी गाड़ियां ऐसे ही हालात में फंस चुकी हैं। आरोप है कि बार-बार घटनाएं होने के बावजूद रास्तों की मरम्मत और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें प्रतिकूल और जोखिम भरी परिस्थितियों में भी काम करने के लिए मजबूर किया जाता है, जिससे उनकी जान पर लगातार खतरा बना रहता है। वहीं सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। अब सवाल यह है कि एसईसीएल के अधीन काम कर रही कंपनी में सुरक्षा नियमों का पालन क्यों नहीं हो रहा क्या नियमित निरीक्षण और सुरक्षा ऑडिट किए जा रहे हैं और क्या कर्मचारियों की सुरक्षा से समझौता किया जा रहा है।

### सर्पदंश से एक महिला मासूम की मौत

**कोरबा**। बारिश की पहली फुहार के साथ ही जमीन के भीतर रेंगने वाले जीव जंतु बाहर आने लगे हैं। जिले के अलग अलग क्षेत्रों में सर्पदंश की अलग अलग घटना में एक मासूम और महिला की मौत हो गई है। पहली घटना कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रजक्कमा की है यहां निवासरत श्रेयस 7 वर्ष को जहरीले सर्प ने डस लिया था। जब परिजनों को पता चला तो उसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मौत की दूसरी घटना मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत गायत्री नगर मुड़ापार में घटित हुई है। एक 55 वर्षीय अंजनी पति भूषण लाल सोमवार की रात खाना खाकर खाट पर सोयी हुई थी दौरान डंडा करैत नाम सर्प ने अंजनी को डस लिया। महिला को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान अंजनी की मौत हो गई। दोनों ही मामलों में कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# कुसमुंडा खदान में ठेका श्रमिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा कोयला खदान में सोमवार की रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। खदान के भीतर एक निजी कंपनी के भारी वाहन की चपेट में आने से

**खास बात**

- हादसे के बाद मौके पर तड़पता रहा घायल ठेका श्रमिक

प्रेमसिंह धुर्वे की मौत हो गई है। इस हादसे के बाद खदान प्रबंधन और स्थानीय पुलिस की ओर से मामले में चुप्पी साध ली गई है, जिससे घटना को लेकर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार सोमवार रात खदान के भीतर काम के दौरान किसी निजी ठेका कंपनी के वाहन ने कबीरधाम (पंडरिया) जिले के ग्राम बिछिया निवासी प्रेमसिंह को बुरी तरह कुचल दिया। हादसे के बाद श्रमिक काफी देर तक जीवित था और दर्द से तड़प रहा था। उसे आनन-फानन में कोरबा के एक



मृतक।

निजी अस्पताल ले जाया गया लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मंगलवार की शाम शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल की शव गृह में रखवा दिया गया है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों के अनुसार हादसे के तुरंत बाद मामले को दबाने की कोशिशें शुरू हो गई थीं। मौके पर मौजूद अन्य कर्मियों और प्रत्यक्षदर्शियों को मोबाइल से फोटो या वीडियो बनाने से सख्ती से रोक दिया गया। वहीं एसईसीएल प्रबंधन ने इस मामले में पूरी तरह मौन धारण कर रखा है।

### परिजनों के आने पर आज होगा पोस्टमार्टम

अस्पताल पुलिस चौकी के मुताबिक मृतक प्रेमसिंह के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। परिजनों के आने के बाद बुधवार की सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इस हादसे ने एक बार फिर खदान के भीतर सुरक्षा इंतजामों और भारी वाहनों की अंधाधुंध आवाजाही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि मृतक श्रमिक एसईसीएल के अंतर्गत किस निजी ठेका कंपनी में नियोजित था और सुरक्षा मानकों की अनदेखी के चलते यह हादसा कैसे हुआ। मामले की निष्पक्ष जांच के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी।

# मौत के बाद भी परिवार सीएमपीएफ खाता नंबर के लिए भटकने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दीपका क्षेत्र में कार्यरत ठेकेदारों द्वारा मजदूरों के हक और उनके कानूनी अधिकारों के हनन का मामला सामने आया है। यहां एक मृत ठेका श्रमिक के परिजनों को उनके पिता की गाढ़ी कमाई और भविष्य निधि सीएमपीएफ की राशि पाने के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं लेकिन प्रबंधन और ठेकेदार मूकदर्शक बने बैठे हैं।

जानकारी के अनुसार ग्राम अंड़ीकछार हरदीबाजार निवासी स्वर्गीय दादू सिंह ठेकेदार कुंदन कुमार के अधीन अप्रैल 2015 से मार्च 2016 तक एसईसीएल दीपका क्षेत्र में कार्यरत थे, जनवरी 2018 में उनका आकस्मिक निधन हो गया। मृत्यु के बाद जब उनके पुत्र राधे श्याम आयाम ने पिता की भविष्य निधि सीएमपीएफ संबंधी कागजी कार्रवाई शुरू करनी चाही तो उन्हें पता चला कि संबंधित ठेकेदार द्वारा आज तक उनका सीएमपीएफ खाता क्रमांक ही उपलब्ध नहीं कराया गया है। पीड़ित पुत्र राधेश्याम ने बताया कि उन्होंने कई बार संबंधित ठेकेदार से अपने पिता दादू सिंह के सीएमपीएफ खाते की जानकारी मांगी लेकिन हर बार बात को टाल दिया गया ठेकेदार द्वारा जानबूझकर जानकारी छुपाने और सहयोग न करने के कारण पीड़ित परिवार आगे की कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। थक-हारकर पीड़ित ने 10 जून को पर्सनल मैनेजर एसईसीएल दीपका क्षेत्र के कार्यालय में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें मांग की गई है कि संबंधित अभिलेखों की जांच कर ठेकेदार को निर्देश दिए जाएं और सीएमपीएफ खाता क्रमांक जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाए।

### पीड़ित परिवार की मांग और चेतावनी

मृतक दादू सिंह के पुत्र राधेश्याम आयाम ने बताया कि मेरे पिता ने एसईसीएल के लिए अपनी पूरी ईमानदारी से काम किया आज उनके जाने के बाद उनका परिवार दाने-दाने को मोहताज है लेकिन ठेकेदार और अधिकारी हमारी सुध नहीं ले रहे हैं अगर एसईसीएल प्रबंधन ने जल्द ही ठेकेदार पर कार्रवाई करते हुए हमें हमारे पिता का सीएमपीएफ नंबर और न्याय नहीं दिलाया तो हम आंदोलन के लिए विवश व बाध्य होंगे।




## खबर संक्षेप

### महिला आयोग की सुनवाई आज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा 8 जुलाई को जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभाकक्ष में प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। आयोग की अध्यक्ष डॉ. श्रीमती किरणमयी नायक एवं सदस्य पीड़ित महिलाओं के प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। सुनवाई सवेरे 11 बजे से शुरू होगी। इसमें जिले से प्राप्त पीड़ित महिलाओं के आवेदनों एवं शिकायतों की सुनवाई की जाएगी।

### खैरझिटी में सहायिका भर्ती, आवेदन 20 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कोटा अंतर्गत ग्राम पंचायत आमामुड़ा के आंगनबाड़ी केंद्र खैरझिटी में आंगनबाड़ी सहायिका के एक रिक्त पद के लिए 20 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए इच्छुक आवेदिका ई-भर्ती ऑनलाइन लिंक www.e-bharti.in में जाकर अनिवार्य दस्तावेज अपलोड करते हुए आवेदन कर सकती हैं। इसके बाद प्राप्त आवेदनों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

### अनुकंपा नियुक्ति के पूर्व मंगाई गई दावा-आपत्ति

**बिलासपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी ने कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति के लिए प्राप्त 1 आवेदक के आवेदन की छानबीन के क्रम में 7 दिवस के भीतर आमजनता से दावा आपत्ति मंगाई है। यदि आवेदक के परिवार के कोई भी सदस्य शासकीय सेवा में कार्यरत हो अथवा किसी प्रकार के अपराधिक या न्यायालीन मामले उनके विरूद्ध लंबित हो तो इसकी जानकारी उक्त समयावधि में बंद लिफाफे में या स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर दे सकते हैं। डीईओ ने बताया कि मस्तूरी ब्लॉक के शासकीय हाई स्कूल कुकदीकला में व्याख्याता के पद पर कार्यरत स्व. प्रशांत कोन्हेर की पुत्री सुरभी कोन्हेर ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है। आवेदकों के संबंध में जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कक्ष क्रमांक 25 पुरानी कम्पोजिट बिल्डिंग प्रथम तल में निर्धारित अवधि में दिया जा सकता है। विलंब से प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

### जिपं ने जारी की भर्ती प्रक्रिया की अगली सूची

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत जिला बिलासपुर में रिक्त संविदा पदों पर भर्ती प्रक्रिया के तहत पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। जिला पंचायत द्वारा जारी आम सूचना के अनुसार भर्ती के लिए पूर्व में विज्ञापन जारी कर 6 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के उपरांत पात्र एवं अपात्र सूची जिले की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई थी तथा अभ्यर्थियों से 19 जून तक दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई थी। प्राप्त दावा-आपत्तियों का जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा जांच के बाद अंतिम पात्र एवं अपात्र सूची तैयार की गई है। रोस्टर के अनुसार 1:10 के अनुपात में अभ्यर्थियों को साक्षात्कार, लिखित अथवा कौशल परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जाएगा।



### उसलापुर आदर्श स्टेशन में किया जाना है कार्य, साढ़े 11 करोड़ की राशि हो चुकी है स्वीकृत

# बारिश से बचने छाता लेकर उसलापुर स्टेशन पहुंचने की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में सेकेंड एंट्री की ओर रहने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए जनवरी-फरवरी माह में साढ़े 11 करोड़ रुपए की राशि पास होने के बावजूद अब तक काम की शुरुआत नहीं हो सकी है। इस कारण प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में यात्रियों को हलाकान होना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में यात्रियों को छाता लेकर स्टेशन पहुंचना पड़ रहा और ओवरब्रिज क्रास करके दूसरी ओर जाना पड़ रहा है।

ध्यान रहे कि उसलापुर में प्लेटफार्म नम्बर एक से अधिक यात्रियों की भीड़ प्लेटफार्म नम्बर दो पर होती है, जो प्रयागराज, दिल्ली, उत्तरप्रदेश की ओर जाने वाली ट्रेनों में सफर करते हैं। प्लेटफार्म नम्बर दो पर यात्रियों के लिए सुविधाएं तो कम है, वहीं सबसे अधिक परेशानी प्लेटफार्म की लंबाई को लेकर हो रही है। प्लेटफार्म दो की लंबाई कम होने के कारण इंजन और एसएलआर कोच का हिस्सा बाहर निकल जा रहा है, जिसकी वजह से व्यापारियों और अन्य लोगों के सामानों की लोडिंग करने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है।

रेल प्रशासन ने प्लेटफार्म की लंबाई के साथ अन्य कार्यों को सेकेंड फेस में करने का निर्णय लिया गया है। इस सभी कार्यों के लिए साढ़े 11 करोड़ रुपए की राशि रेलवे बोर्ड से सेक्शन होने के बाद भी काम की शुरुआत अब तक नहीं हो सकी है।

#### यात्रियों की संख्या बढ़ी, शेड चौड़ाई अभी भी कम

उसलापुर में ट्रेनों के साथ यात्रियों की संख्या तो बढ़ गई है, लेकिन अब तक शेड प्लेटफार्म की लंबाई के बराबर विस्तारित नहीं किए गए हैं। इसकी वजह से यात्री बारिश के मौसम में भींगने को मजबूर हो रहे हैं। इससे पहले गर्मी के मौसम में दोपहर की भीषण गर्मी के साथ तेज धूप में परेशानी यात्रियों ने झेली है। गौरतलब है कि रेल अफसरों के अनुसार आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में रेलवे की गाइड लाइन के हिसाब से सारी सुविधा यात्रियों के लिए दी गई है। रेलवे के मुताबिक वर्तमान में 1154 वर्गफुट तक शेड लगाए गए हैं। भविष्य में प्लेटफार्म के साथ शेड की चौड़ाई और विस्तार भी किया जाएगा।

#### सेकेंड फेस में इस तरह के होंगे काम

रेल अफसरों के अनुसार उसलापुर रेलवे स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत फेस वन और फेस टू दोनों ही कार्यों के लिए बजट स्वीकृत हो चुका है। फेस टू में सेकेंड एंट्री की ओर सड़क का निर्माण कार्य, स्ट्रीट लाइट, बुकिंग काउंटर, एक नया 12 मीटर एफओबी का विस्तार, लिफ्ट व भव्य गेट के साथ अन्य सुविधाएं दी जाएगी। इसके साथ ही शेड और प्लेटफार्म का विस्तार भी किया जाएगा।

#### जल्द शुरू किया जाएगा कार्य

उसलापुर रेलवे स्टेशन में पहले फेस का काम करीब-करीब कम्पलीट हो गया है। सेकेंड फेस का कार्य भी सेंक्शन हो चुका है। इस कार्य की शुरुआत जल्द ही की जाएगी, ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

-अनुराग कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

### परिसर से अंधेरा दूर करने 25 नए बिजली के पोल स्ट्रीट लाइट भी नहीं लगे

# 20 से अधिक सीसीटीवी बंद, रैन बसेरा नहीं बन सका, 4 सालों से गंदगी और अव्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

नगर निगम बिलासपुर ने हाईटेक बस स्टैंड के 20 दुकानों को सील करते हुए 4 साल से बकाया किराया जमा करने कहा है। इन दुकानदारों से निगम को करीब पौने दो करोड़ रुपए की वसूली करनी है। यह दुकानदार जिसमें बस संचालक भी हैं ना तो किराया दे रहे हैं और ना ही जगह खाली कर रहे हैं। अब निगम इन दुकानों को खाली कराते हुए नए सिरे से नीलामी की बात कह रहा है। इससे निगम को करीब 2 करोड़ रुपए की आय हो सकती है। दूसरी ओर निगम की इस नोटिस से दुकानदारों में हड़कंप है। दुकानदारों ने हाईकोर्ट में याचिका भी लगाई थी लेकिन फैसला निगम के पक्ष में आया है। इसके अलावा पिछले चार सालों से यह बस स्टैंड निगम के आधिपत्य में जरूर है लेकिन यहां अव्यवस्था का आलम है। गंदगी और कचरे का अंबार हर जगह देखा जा सकता है।

■ दुकानों को खाली कराते हुए नए सिरे से नीलामी की बात कह रहा निगम

ज्ञात हो कि सितंबर 2022 में सीएसआईडीसी ने बस स्टैंड का आधिपत्य नगर निगम को सौंप दिया था। इसके बाद से बस स्टैंड सहित वहां की दुकानें निगम की मिल्कियत हो चुकी हैं, परंतु निगम उसका समुचित उपयोग नहीं कर पा रहा है। अधिकांश दुकानों का किराया भी सीएसआईडीसी के कार्यकाल से लंबित है। निगम का दावा है कि नोटिस के बाद कुछ वसूली प्राप्त हुई है, परंतु अभी भी लाखों का बकाया शेष है।



नगर निगम द्वारा सील करने के बाद भी चल रहा होटल।

#### मेंटेनेंस पर ही 4 लाख तक का खर्चा

निगम का कहना है कि प्रति माह चार से पांच लाख का खर्च बस स्टैंड के बिजली, साफ-सफाई, गार्ड एवं मेंटनेंस के मद में खर्च हो रहा है। इसलिए दुकानदारों पर किराया भी वर्तमान के हिसाब से लगाया जाएगा। निगम के मुताबिक बस स्टैंड की दुकानों से फिलहाल निगम को कुल 1.76 लाख रुपए, होटल से किराया 30 हजार रुपए, 18 आफिसों के किराए से 60 हजार रुपए प्रति माह आय होती है। इसमें हाइटेक बस स्टैंड के मेंटनेंस व्यय में हर माह 4 लाख रुपए खर्च होते हैं। बिजली बिल पर 1 लाख 25 हजार रुपए, सफाई पर 60 हजार, सिक्यूरिटी गार्ड की सैलरी पर 32 हजार व अन्य खर्चे होते हैं।

#### दुकानदारों पर 23 लाख तक का बकाया

निगम के मुताबिक करीब 20 दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया था। हरेक दुकानदार पर 4 से 23 लाख का किराया बाकी है। किराया नहीं पटाने पर इन दुकानों को सील कर दिया गया है। दरअसल बस स्टैंड में बुकिंग, बैंक, कार्यालय आदि के लिए कुछ कमरे खाली रखे गए थे, जिसमें बस संचालकों ने कब्जा कर रखा है। इसका किराया भी बस संचालक नहीं पटा रहे हैं। वहीं बस स्टैंड में बसें पार्क करने की एवज में बस संचालक शुल्क भी नहीं पटा रहे हैं। इसके बावजूद निगम वसूली नहीं कर पा रहा है। हालांकि अब सख्ती बरती जा रही है। निगम के मुताबिक बस स्टैंड में 52 दुकानें हैं। इनमें से 32 का आबंटन किया जा चुका है। शेष के विक्रय का प्रस्ताव संपदा विभाग को भेजा गया है। दुकानों की नीलामी शीघ्र की जाएगी। बस आपरेटरों से शुल्क तथा दुकानदारों से बकाया किराया की वसूली के लिए नोटिस दिया गया है।

#### यह हाल बदहाली का

इसके अलावा सबसे बड़ी बात की निगम ने एक करोड़ 56 लाख रुपए खर्च कर तिफरा स्थित हाईटेक बस स्टैंड को सुधारने का दावा किया है। इसमें उन्नत विद्युतीकरण, पानी के लिए पाइपलाइन, बिल्डिंग मरम्मत समेत रंग रोंगन किया गया है। पूरे परिसर में 50 सीसीटीवी लगाए गए हैं, इसमें से अधिकांश बंद है। इसकी मानिटरिंग के लिए स्टैंड परिसर में एक सीसीटीवी सर्विलांस रूम बनाया गया है जो सुरक्षा के लिहाज से काफी उपयोगी है लेकिन बंद पड़ा है। यात्रियों को बस की जानकारी, समय सारिणी समेत अन्य सूचनाओं के लिए लगाया डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड काम ही नहीं करता। यात्रियों के ठहरने के लिए रैन बसेरा नहीं बन सका है। इसमें महिला और पुरुष यात्रियों के लिए अलग टायलेट, शयनकक्ष की व्यवस्था रहेगी। साथ ही टर्मिनल बिल्डिंग के अंदर नई लाइट और पंखे लगाए गए। परिसर में जल भराव की समस्या के समाधान और निकासी के लिए नाली बनाई गई है। परिसर से अंधेरा दूर करने 25 नए बिजली के पोल स्ट्रीट लाइट भी नहीं लगाए जा सके हैं।

#### दुकानों की होगी नीलामी

हाईटेक बस स्टैंड में 20 दुकानदारों को जगह खाली करने या फिर 4 साल से बकाया किराया जमा करने के लिए अंतिम नोटिस दिया गया था। इसके बाद दुकानों में सीलबंदी करते हुए नए सिरे से नीलामी की जाएगी। एक करोड़ 56 लाख रुपए में तिफरा स्थित हाईटेक बस स्टैंड को सुधारा गया है। जो भी अव्यवस्थाएं होंगी, उन्हें दूर किया जाएगा।

- प्रकाश कुमार सर्वे, आयुक्त, ननि

# घर में शराब रखकर महिला से 45 हजार की वसूली

### एसएसपी से शिकायत के बाद हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

स्वयं घर में शराब रखकर महिला से 45 हजार रुपए की वसूली करने वाले मुखबिर युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

■ मुखबिर युवक गिरफ्तार

सीपत टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि ग्राम मड़ाई भाठापारा निवासी आशा सोनझरी पति विमल सोनझरी ने रिपोर्ट लिखाई है। इसमें कहा गया है कि 5 जुलाई की सुबह 6 बजे ग्राम खम्हरिया निवासी लीलामणी सोनझरी उनके घर आया और अपने पास रखे शराब को उनके घर में रखकर चला गया। इसके कुछ देर बाद अवैध शराब रखकर बिक्री करने हो कहकर जेल भिजवाने की धमकी देने लगा। साथ ही बचाने और पुलिसवालों को देने के लिए पैसे की मांग करने लगा। डर के कारण महिला ने अपने पति से 45 हजार रुपए मांगकर लीलामणी को दे दिया। महिला ने वीडियों एवं आडियो रिकाडिंग पुलिस को उपलब्ध कराई है। उसकी रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 308, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लीलामणी सोनझरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उससे वसूली की रकम जब्त नहीं हो पाई है। टीआई श्री मिश्रा ने बताया कि आरोपी महिला से पैसा वसूली करने से इनकार कर रहा है।

#### जांच के बाद कार्रवाई होगी

शिकायत लेकर महिला आई थी। एडीशनल एसपी ग्रामीण को कार्रवाई करने का आदेश दिया गया था। महिला के द्वारा आरक्षकों पर आरोप लगाया गया है। उसके आरोपों की जांच करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-रजनेश सिंह, एसएसपी

#### शिकायत में दो आरक्षकों का नाम शामिल

6 जुलाई को पीड़िता आशा सोनझरी ने एसएसपी से मिलकर लिखित शिकायत की। जिसमें उन्होंने ने आरोप लगाया कि 5 जुलाई को डायल 112 से सीपत थाने का आरक्षक नितिश कश्यप, प्रकाश जगत उनके घर आए और जबरदस्ती घर में घुसकर शराब रखकर 45 हजार की मांग करने लगे। नहीं देने पर झूठे केश में जेल भेजने की धमकी दी गई। जिसका उसके पास वीडियों रिकाडिंग व आडियों रिकाडिंग है। यह भी बताया गया कि दोनों आरक्षकों के साथ मुखबिर लीलामणी सोनझरी भी परेशान करता है। एसएसपी श्री सिंह ने एएसपी ग्रामीण को कार्रवाई करने का आदेश दिया। इसके बाद पीड़िता को सीपत थाने ले जाया गया और उसकी रिपोर्ट पर केवल मुखबिर पर एफआईआर कर जेल भेज दिया गया है। दोनों आरक्षकों पर कार्रवाई नहीं की गई है।

# मोबाइल नम्बर, ईमेल आईडी बदलकर 44 लाख 35 हजार की ठगी: जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

एक महिला के शेयर बाजार व डिमैट खाते से मोबाइल नम्बर व ईमेल आईडी बदलकर 44 लाख 35 हजार 855 रुपए की ठगी कर ली गई। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।



तारबाहर टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, क्रांति नगर निवासी रत्नेश दुबे ने रिपोर्ट लिखाई है। इसके मुताबिक उनकी माता शकुंतला दुबे एवं पिता रमेश प्रसाद दुबे के नाम से एसएमसी ग्लोबल सिक्युरिटी प्राइवेट लिमिटेड नारायण प्लाजा में दो डिमैट खाते संचालित थे। इनमें एक संयुक्त व दूसरा केवल उनकी मां के नाम से था। अज्ञात व्यक्तियों ने कथित रूप से डिमैट खातों से जुड़े ई - मेलआईडी व मोबाइल नम्बर को बदलकर खातों पर नियंत्रण प्राप्त कर लिया। इसके बाद खातों में बिना खाताधारकों की जानकारी और सहमति के कई वित्तीय लेन देने किए गए। श्री दुबे का आरोप है कि इस पुरे घटनाक्रम की जानकारी उन्हें काफी समय बाद मिली। जब उन्होंने कंपनी से संपर्क किया तो खातों से संबंधित पुरी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। कंपनी द्वारा एक बैंक खाते में शून्य बैलेंस की जानकारी दी गई। जबकि दूसरे खाते की जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। श्री दुबे के द्वारा उपलब्ध जानकारी के अनुसार, 5 दिसंबर 2023 को लगभग 31.25 लाख रुपए के शेयर और कुल मिलाकर 44 लाख 35 हजार के शेयर एवं म्युचुअल फंड एसएमसी ग्लोबल सिक्युरिटी में ट्रांसफर किए गए थे। ट्रांसफर की जानकारी उनके परिवार को नहीं दी गई और ना ही अनुमति ली गई।

उन्होंने पहले एसएमसी कार्यालय के प्रतिनिधियों व रायपुर कार्यालय के अधिकारियों से संपर्क किया। इसके बाद 26 जनवरी को कंपनी के अधिकारिक ई - मेल आईडी पर पुरे मामले की जानकारी भी भेजी गई। उन्होंने एसएमसी के कुछ कर्मचारियों की संलिप्तता की जांच कराने की मांग की है। पुलिस श्री दुबे की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 316, 5, 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### विद्यार्थी उत्कर्ष योजना दावा-आपत्ति 9 तक

बिलासपुर। मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आयोजित प्राक्चयन परीक्षा के परिणाम पर दावा-आपत्ति आमंत्रित किए गए हैं। परीक्षा का परिणाम 6 जुलाई 2026 को जारी कर दिया गया है। यदि किसी अभ्यर्थी को परीक्षा परिणाम पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करनी है, तो वह 9 जुलाई 2026 (गुरुवार) तक सहायक आयुक्त कार्यालय, आदिवासी विकास, बिलासपुर में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त होने वाले दावा-आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

# व्हाट्सएप पर जनरल टिकिट दिखाना पड़ा महंगा, किया गया जुर्माना

**बिलासपुर।** भैया जल्दी से रायपुर तक एक टिकिट बनाकर भेज दो। अपनी बहन के कहने पर भाई ने रेल वन के माध्यम से जनरल टिकिट बनाकर स्क्रीन शॉट लेने के बाद व्हाट्सएप पर भेज दिया। इसे महिला यात्री ने टीटीई को दिखाया, जिसके बावजूद उस पर जुर्माना कर दिया गया।

■ महिला यात्री कर रही थी लिंक एक्सप्रेस में सफर

18517 कोरबा से विशाखापट्टनम के बीच चलने वाली एक्सप्रेस कोरबा रेलवे स्टेशन से शाम 4.10 बजे रवाना हुई थी। इस ट्रेन में एक महिला यात्री सफर कर रही थी, जिसके पास टिकिट नहीं था। अचानक महिला ने टिकिट चेकिंग के लिए टीटीई को आते हुए देखा तो वह घबरा गई। महिला ने तत्काल अपने भाई को कॉल कर जनरल टिकिट बनाकर व्हाट्सएप पर भेजने कहा। भाई ने अपनी बहन को रेल वन एप्लीकेशन से एक जनरल टिकिट बनाकर भेज दिया। टीटीई जब टिकिट चेकिंग करते हुए महिला यात्री के पास पहुंचा। टिकिट शाम 4 बजकर 45 मिनट पर जारी किया गया था, जिसका महिला के पास केवल स्क्रीन शॉट व्हाट्सएप पर दिखाया जा रहा था। रेलवे के नियमानुसार उक्त टिकिट को वैध नहीं मानते हुए महिला यात्री से जुर्माना वसूल किया गया।

पूछताछ में महिला ने बताया कि उसे यह जानकारी नहीं थी कि मोबाइल से बनाई गई अनारक्षित टिकिट की वैधता के लिए टिकिट उसी मोबाइल फोन में उपलब्ध होना चाहिए, जिसमें रेलवन को पंजीकृत कर टिकिट बनाया गया है। केवल व्हाट्सएप, स्क्रीन शॉट अथवा किसी अन्य माध्यम से प्राप्त टिकिट दिखाकर सफर करना नियम के अनुरूप नहीं है।

### 2 हजार से अधिक कर्मचारियों, व्यावसायिक साझेदारों एवं समुदाय के सदस्यों की सहभागिता

# बालको ने प्राइड मंथ के माध्यम से समावेशी कार्य संस्कृति को किया और मजबूत

**बालकोनगर।** वेदांता एल्यूमिनियम मेटल लिमिटेड की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने एक माह तक प्राइड मंथ अभियान चलाया। इस अभियान के माध्यम से कंपनी ने विविध, समानतापूर्ण एवं समावेशी कार्यस्थल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और सशक्त किया। इस अभियान में 2 हजार से अधिक कर्मचारियों, व्यावसायिक साझेदार एवं समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया।

अभियान के अंतर्गत जागरूकता सत्र, कर्मचारी सहभागिता कार्यक्रम, प्रतियोगिताएँ, वित्तीय साक्षरता कार्यशालाएँ, कर्मचारियों की प्रेरक कहानियाँ, क्विज तथा प्राइड मार्च का आयोजन किया गया। इनके माध्यम से एलजीबीटीक्यूआई प्लस समुदाय के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सहयोग, सम्मान और अपनत्व की संस्कृति को प्रोत्साहित किया गया। बालको ने ट्रांसजेंडर कर्मचारियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कई नीतियाँ लागू की हैं। एजुकेशन सपोर्ट पॉलिसी के अंतर्गत 18 माह की सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को व्यावसायिक शिक्षा के लिए 1 लाख तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इसके साथ ही जेंडर रिफर्मेशन पॉलिसी के तहत जेंडर रिफर्मेशन सर्जरी के लिए 2 लाख तक की वित्तीय सहायता तथा 30 दिनों का सवेतन अवकाश उपलब्ध कराया जाता है। अब तक 7 कर्मचारी, इन सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हैं। ये पहल समान अवसर सुनिश्चित करने और मौजूदा अंतरालों को दूर करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेशक श्री राजेश सिंह ने कहा, ‘‘बालको में हम विविधता को अपनी सबसे बड़ी शक्ति मानते हैं और समावेशन को एक उच्च प्रदर्शन वाले संगठन की आधारशिला समझते हैं। हमारा विश्वास है कि प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान के साथ योगदान देने, सीखने और आगे बढ़ने का समान अवसर मिलना चाहिए। हमारी प्रतिबद्धता केवल प्रगतिशील नीतियों तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐसे कार्यस्थल का निर्माण करना है जहाँ सम्मान, समान अवसर और अपनत्व प्रत्येक कर्मचारी के दैनिक अनुभव का हिस्सा हों। वर्तमान में हमारे कार्यबल में 21 ट्रांसजेंडर कर्मचारी कार्यरत हैं और आने वाले वर्षों में हम उनकी भागीदारी को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



#### मिला आत्मविश्वास

अपने अनुभव साझा करते हुए बालको में कार्यरत ट्रांसजेंडर कर्मचारी देवसेना चौहान ने कहा, ‘‘बी.टेक. पूर्ण करने के बाद जब मैंने बालको में अपने करियर की शुरुआत की, तब मैंने यह नहीं सोचा था कि नौकरी के साथ-साथ उच्च शिक्षा जारी रखने का अवसर भी मिलेगा। बालको द्वारा उच्च शिक्षा को प्रोत्साहन दिए जाने से मुझे एम. टेक. की पढ़ाई जारी रखने का आत्मविश्वास मिला। आज मैं अपने अंतिम सेमेस्टर में हूँ और अपनी इस यात्रा पर गर्व महसूस करती हूँ। इस डिग्री ने मुझे व्यक्तिगत और व्यावसायिक दोनों स्तरों पर आगे बढ़ने में मदद की है। मैं ऐसे संगठन का हिस्सा बनकर स्वयं को सौभाग्यशाली मानती हूँ जो मेरी क्षमता पर विश्वास करता है और मेरे सपनों को साकार करने में सहयोग देता है।

#### निभाई भागीदारी

प्राइड मंथ अभियान के अंतर्गत टाउनशिप में प्राइड मार्च का आयोजन किया गया, कर्मचारियों, व्यावसायिक साझेदारों एवं स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने समानता और सहयोग के समर्थन में भागीदारी निभाई। भारत सरकार के डाक विभाग के सहयोग से वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय कल्याण जागरूकता सत्र का भी आयोजन किया गया। पूरे माह के दौरान बालको के डीई एंड आई शुभंकर ‘डाइवर्सीदी’ ने जागरूकता संदेशों, कर्मचारियों की प्रेरक कहानियों, क्विज़ एवं शैक्षणिक सामग्री के माध्यम से समावेशन के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### एक्सपायरी हो चुके फूड पैकेट को नाले में डाला, 25 हजार पेनाल्टी

**बिलासपुर।** सुबह नियमित सफाई निरीक्षण के दौरान निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने मंगलवार सुबह राजेंद्र नगर क्षेत्र में मुख्य नाले में बड़ी मात्रा में एक्सपायरी हो चुके खाद्य पदार्थों के पैकेट और अन्य कचरा पड़ा हुआ देखा। इससे नाला पूरी तरह अवरुद्ध हो रहा था और जल निकासी प्रभावित होने के साथ-साथ गंदगी फैलने की स्थिति निर्मित हो रही थी। मौके पर ही निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने इस गंभीर लापरवाही पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को तत्काल जांच कर दोषी के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जांच में यह सामने आया कि मुख्य नाले में फेंकी गई एक्सपायरी खाद्य सामग्री प्रिया स्टोर से संबंधित है, जिसके संचालक आर्यन जुनेजा हैं। निगम ने संबंधित प्रतिष्ठान के विरूद्ध तत्काल कार्रवाई करते हुए 25 हजार की पेनाल्टी लगाई है।

## खबर संक्षेप

### बांकीमोंगरा श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष राजकुमार तो सचिव बने राजू



**बांकीमोंगरा।** पत्रकारों के हितों की रक्षा और संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से रविवार को सीटू सामुदायिक भवन, बांकीमोंगरा में छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के पत्रकारों ने सर्वसम्मति से बांकीमोंगरा ब्लॉक श्रमजीवी पत्रकार संघ का गठन करते हुए नई कार्यकारिणी का ऐलान किया। संगठन की नई टीम में विनोद साहू को संरक्षक, राज कुमार साहू को अध्यक्ष, अश्वनी मिश्रा को उपाध्यक्ष, राजू सैनी को सचिव, नागेंद्र सोनी को कोषाध्यक्ष, दिलीप नेताम को सह सचिव तथा प्रकाश साहू को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं दिनेश, अजीत और आशीष नाहक को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया।

### त्रिलोकी पब्लिक स्कूल और जय भारत स्कूल ने मनाया वन महोत्सव सप्ताह



**कोरबा।** शनिवार को त्रिलोकी पब्लिक स्कूल और जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम एक पेड़ माँ के नाम का आयोजन किया गया। इस अनूठी पहल का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और भावी पीढ़ी को प्रकृति से जोड़ना था। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर वरिष्ठ विद्यार्थियों तक ने पूरे उत्साह के साथ भागीदारी की। विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। बच्चों ने इस दौरान न केवल वृक्षारोपण किया, बल्कि पर्यावरण बचाने का संकल्प भी लिया। शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा दी गई सुंदर प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस दौरान स्कूल के डायरेक्टर आशुतोष अग्रवाल, प्राचार्य सुधीर साहू, दीपा चौहान, प्राचार्य विकास प्रधान उपस्थित रहे।

### बिजली समस्या से जूझ रही है पंद्रह ब्लाक कालोनी

**कोरबा।** बारिश के दौरान कई स्थानों में बिजली गोल रही। जो घंटों बाद सुधारी गई। ऐसे ही स्थानों में एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की पंद्रह ब्लॉक कॉलोनी लगभग 24 घंटे तक अंधेरे में डूबी रही। सोमवार 6 जुलाई की दोपहर से मंगलवार 7 जुलाई की दोपहर तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित रहने से कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।लगातार बिजली गुल रहने से पेयजल आपूर्ति ठप हो गई, जिससे दैनिक जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बिजली नहीं होने से घरेलू कार्य प्रभावित हुए, पेयजल संकट गहरा गया और लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली। कॉलोनीवासियों एवं कर्मचारियों का आरोप है कि संबंधित अधिकारियों की लापरवाही, उदासीनता और समय पर प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण समस्या घंटों तक बनी रही। उनका कहना है कि जिस क्षेत्र के कर्मचारी दिन-रात कठिन परिस्थितियों में कार्य कर देश के बिजलीघरों को कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करते हैं और राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, उन्हीं कर्मचारियों के परिवारों को मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। इससे एसईसीएल प्रबंधन की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। कॉलोनीवासियों ने एसईसीएल प्रबंधन से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने, दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने तथा कॉलोनियों की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को स्थायी, सुरक्षित और विश्वसनीय बनाने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### खदानों में दिखने...

पर सीधे कोयला आपूर्ति पर असर पड़ रहा है। दरअसल बारिश के दौरान खासकर ओपन कास्ट खदानों में कोयला उत्पादन प्रभावित होना लाजमी है। खदान में पानी जमा होने के कारण कोयला निकालने का काम धीमा हो जाता है। इसके अलावा बड़े डंपरों को चलाने व कोयला ढोने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बारिश की वजह से खदानों में भारी वाहनों के फिसलने का खतरा भी बना रहता है। जिले में संचालित एसईसीएल की लगभग सभी ओपनकास्ट खदानों में डीप फेस पर जहां से कोयला उत्पादन होता है वहां पानी आ जाने के कारण कोयला उत्पादन में काफी सावधानी बरतनी पड़ रही है। इससे लक्ष्य के अनुसार कोयला उत्पादन प्रभावित हो रहा है।

### शाला त्यागी...

हवाला दिया था। इसके बाद शिक्षा विभाग ने विकास खंड शिक्षा अधिकारियों को इस तरह की जानकारी एकत्र करने के निर्देश दिए थे। नए शिक्षण सत्र के शुरुआत के साथ ही ऐसे क्षेत्र जहां बच्चों की संख्या अधिक होने के बावजूद स्कूल आने वाले बच्चों की संख्या कम होती है उन क्षेत्रों में ज्यादा फोकस किया जाएगा।

### निहारिका से पोड़ीबहार जाने वाले मुख्यमार्ग में खोदा गया गढ्ढा

# सीवरेज लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे बने मुसीबत, हादसे के शिकार हो रहे राहगीर



सिवरेज पाइप लाइन बिछाने मार्ग में खोदा गया गड्ढा।





गड्ढों में फंसते वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ठेका कंपनी की सुस्ती का खामियाजा इन दिनों वार्ड क्रमांक 25, शिवाजी नगर के नागरिकों और राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। वार्ड में सीवरेज लाइन के नवीनीकरण का कार्य श्री इंटरप्राइजेज नामक ठेका कंपनी को सौंपा गया है, लेकिन कंपनी की कार्यप्रणाली अब आम जनता के लिए जी का जंजाल बन चुकी है। ठेका कंपनी ने निहारिका से पोड़ीबहार जाने वाले मुख्य मार्ग सहित साडा कॉलोनी में सिवरेज पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क को जगह-जगह से खोद दिया है। पाइपलाइन डालने के तत्काल बाद गड्ढों को आरसीसी कर व्यवस्थित किया जाना था लेकिन कंपनी ने काम को आधा-अधूरा छोड़ दिया है और अब तक सभी गड्ढों को पूरी तरह से भरा नहीं गया है। जिसकी वजह से मार्ग में लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। कभी चार पहिया वाहन कीचड़ में फंस रही है तो लोग गिर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि निहारिका क्षेत्र के साडा कॉलोनी, एमपी नगर, शिवा जी नगर के वार्ड क्रमांक 25 में नगर निगम द्वारा सिवरेज लाईन का नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा है जिसका ठेका श्री इंटरप्राईजेस को दिया गया है। कंपनी द्वारा सुभाष से लिटिल लैंप, शिवा जी नगर तक पाइप लाइन एवं चेंबर लाईन के लिए खोदाई का कार्य किया गया है। इस दौरान ठेका कंपनी द्वारा खोदाई के बाद आरसीसी किया जाना था लेकिन आधा अधूरा ही आरसी किया गया है। मौसम की पहली बारिश ने ही इस अधूरी काम की पोल खोल कर रख दी है। गड्ढों में पानी भर जाने के कारण राहगीरों को गहराई का अंदाजा नहीं मिल पा रहा है। स्थिति यह है कि आए दिन मोटरसाइकिलें और फोर-व्हीलर गाड़ियां इन गड्ढों में फंस रही है, राहगीर और स्कूली बच्चे हादसे के शिकार होकर चोटिल हो रहे हैं। मुख्य मार्ग होने के कारण यहाँ चौबीसों घंटे वाहनों का दबाव बना रहता है, जिससे हर समय किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ठेकेदार जनता की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। यदि समय रहते इन गड्ढों को दुरुस्त नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में और भी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

#### की गई है शिकायत

मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम के उच्च अधिकारियों से इस संबंध में लिखित और मौखिक शिकायत की गई है। ठेका कंपनी पर कार्रवाई करने व सड़क पर खोदे गए गड्ढों को पूरी तरह से जल्द से जल्द आरसीसी कराने की मांग की है ताकि स्थानी लोग हादसे के शिकार ना हो। पिछले दो दिनों में बारिश के दौरान कई चार पहिया वाहन सवार हादसे के शिकार हो चुके हैं तो कई लोगों की गाड़ियां गड्ढों में फंस चुकी है।

-**अनुज जायसवाल,** पार्षद वार्ड क्रमांक 25

#### आरसीसी फिलिंग की जा रही है

सिवरेज पाईप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। पाईप लाइन बिछाने के दौरान उसके उपर आरसीसी की फिलिंग की जाती है जिन स्थानों पर पाइप लाइन बिछाया गया है मिट्टी सेट करने के लिए छोड़ा जाता है उसके बाद आरसीसी फिलिंग का काम किया जाता है, कई जगह आरसीसी फिलिंग का काम जारी है जल्द ही आरसीसी फिलिंग का काम पूरा कर लिया जाएगा।

-**सुरेश बरुवा,** अधीक्षण अभियंता नगर निगम

## बस में सफर के दौरान महिला ने बच्चे को दिया जन्म



नवजात बच्चे को गोद में ली हुई महिला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा से पटना जा रही यात्री बस में सफर के दौरान महिला के प्रसव का अनोखा मामला सामने आया है। यात्रियों की मदद से गर्भवती महिला ने रास्ते में ही स्वस्थ्य बच्चे को जन्म दिया। दोनों को बलरामपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल दोनों का स्वास्थ्य अच्छा है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात जोरदार बारिश के बीच राजहंस बस कोरबा से पटना जा रही थी। गर्भवती महिला अपने पति के साथ बस में सफर कर रही थी। रात करीब 11 बजे अंबिकापुर पार करने के बाद गर्भवती महिला को तेज प्रसव पीड़ा हुई। स्थिति को देखते हुए चालक ने बस को सड़क किनारे रोक दिया। इसके बाद बस में सवार महिला यात्री सुनती देवी समेत अन्य महिलाओं ने प्रसूता की मदद की और सुरक्षित प्रसव कराया। प्रसव के बाद बस बलरामपुर पहुंची, जहां करीब आधे घंटे बाद महिला और नवजात को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में दोनों का उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार मां और नवजात दोनों स्वस्थ हैं। बताया जा रहा है कि प्रसूता कोरबा की रहने वाली है और यह उसका पहला बच्चा है। बस में उस समय करीब 30 से 35 यात्री सवार थे।

## प्रेस कामपलेक्स की दुकानों में गैर मीडिया गतिविधियों की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



केदारनाथ अग्रवाल

**खास बात**

- कोयला मजदूर सभा ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

ट्रांसपोर्ट नगर स्थित प्रेस कंपलेक्स में नियमों के विपरीत संचालित हो रही कथित व्यावसायिक गतिविधियों की जांच कराने और कार्रवाई की मांग को लेकर कोयला मजदूर सभा के कार्यकारी केंद्रीय अध्यक्ष केदारनाथ अग्रवाल ने कलेक्टर कुणाल दुदावत को ज्ञापन सौंपा है। कोयला मजदूर सभा ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि ट्रांसपोर्ट नगर स्थित प्रेस कंपलेक्स का निर्माण तत्कालीन विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) द्वारा पत्रकारिता एवं मीडिया संस्थानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया था। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यहां की दुकानों का आबंटन सामान्य व्यावसायिक परिसरों की तुलना में रियायती दर पर किया गया था ताकि समाचार पत्रों, समाचार माध्यमों और पत्रकारिता से जुड़े संस्थानों को कार्यालय संचालन के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराया जा सके। वर्तमान में प्रेस कंपलेक्स की कई आबंटित दुकानों में समाचार पत्र, समाचार माध्यम अथवा मीडिया कार्यालय संचालित नहीं हो रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर से मांग की गई है कि प्रेस कंपलेक्स की सभी आबंटित दुकानों की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

### मना आयुक्त का जन्मदिन



कोरबा। निगम में आयुक्त आशुतोष पाण्डेय का 44वां जन्मदिन मनाया गया। महापौर संजूदेवी राजपूत, सभापति नूतन सिंह ठाकुर व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय सहित निगम के एमआईसी सदस्यों, पार्षदों, जनप्रतिनिधियों व अधिकारी कर्मचारियों ने जन्मदिन का केक काटा। इस अवसर पर पार्षद अशोक चावलानी व नरेन्द्र देवांगन, हितानंद अग्रवाल, फिरतराम साहू, अजय गोंड़, अजयकुमार चन्द्रा, उर्वशी राठौर, धनकुमारी गर्ग, सरोज शांडिल्य, ममता यादव, कृपाराम साहू, लक्ष्मण श्रीवास, चन्द्रलोक सिंह, अब्दुल रहमान, प्रीति दिनेश शर्मा, किशनलाल केंवट, कमला बरेठ, रामकुमार साहू, राकेश वर्मा, मुकुंद सिंह कंवर, सुशील गर्ग, दीपक यादव सहित अपर आयुक्त विनय मिश्रा, भूषण उरांव व सुरेश बरूआ, उपायुक्त पवन वर्मा, भवकांत नायक, अखिलेश शुक्ला, एन.के.नाथ, लीलाधर पटेल, राकेश मसीह, सुनील टांडे आदि मौजूद थे।

### जिला अस्पताल में निकला 5 फीट लंबा कोबरा

**कोरबा।** लगातार हो रही बारिश के बीच जिला अस्पताल परिसर में सोमवार को करीब 5 फीट लंबा किंग कोबरा दिखाई देने से हड़कंप मच गया। कैंटीन के पास दीवार पर बैठे सांप को देखकर अस्पताल कर्मचारी, मरीज और उनके परिजन घबरा गए। सूचना मिलते ही वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम के सदस्य शुभम निषाद मौके पर पहुंचे और सुरक्षित तरीके से कोबरा का रेस्क्यू कर उसे जंगल में छोड़ दिया।



### रेलवे ट्रैक पर हादसा, तीन लंगूरों की मौके पर मौत

**रायगढ़।** कलमी क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के समीप ट्रेन की चपेट में आने से चार लंगूरों की मौत हो गई। हादसे में तीन लंगूरों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल एक अन्य लंगूर को बचाने के प्रयास किए गए, लेकिन उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सोमवार की देर शाम लंगूरों का एक समूह रेलवे लाइन के आसपास विचरण कर रहा था। इसी दौरान ट्रेन के गुजरने के समय कुछ लंगूर ट्रैक पार करने लगे और चार लंगूर तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गए। इस हादसे में तीन लंगूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बुरी तरह घायल होकर तड़पता रहा।

### सड़क हादसे में घायल महिला की मौत

**कोरबा।** दीपका झाबर निवासी सिभांसा नामक 52 वर्षीय महिला बीते दिनों बालाजी बस में सवार होकर जशपुर से आ रही थी। इस दौरान बस पलट गई थी जिसमें महिला गंभीर रुप से घायल हो गई थी। महिला को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

## जख्मी उल्लू का किया गया रेस्क्यू ठीक होते ही छोड़ा गया जंगल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कोरबा वन मंडल के रजगामार निवासी होमेश पटेल ने घर के पास ही कौआ के द्वारा एक उल्लू को जख्मी कर दिया जो चोटिल होने के कारण उड़ पाने में सक्षम नहीं था जिसके बाद कुछ लोगों ने उसको बचाने के उद्देश्य से वन विभाग को सूचना दिया जिस पर वन विभाग की रेस्क्यु टीम एवं नोवा नेचर से जितेंद्र सारथी मौके पर पहुंचे और उसको सुरक्षित रेस्क्यु कर लाया गया। घायल उल्लू का वेटनरी डॉक्टर अनिकेत ने उपचार चालू किया, घाव को सफाई किया तथा उसका कुछ दिनों तक उसका ड्रेसिंग चलता रहा और प्रति दिन माह का टुकड़ा खिलाया गय जिसके परिणाम स्वरूप उल्लू पूरी तरह स्वस्थ होने पर वन विभाग के कर्मचारी फॉरेस्ट बिट ऑफिसर कमलेश कुम्हार एवं जितेंद्र सारथी के द्वारा उसको प्राकृतिक रहवास जंगल में पुनः छोड़ दिया गया। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार मॉटल्ड वुड आउल केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने वाला महत्वपूर्ण जीव है,यह बड़ी संख्या में चूहों, छिपकलियों, छोटे पक्षियों, मेंढकों तथा अन्य छोटे जीवों का शिकार करता है, जिससे कृषि फसलों को नुकसान पहुँचाने वाले कृंतकों की आबादी नियंत्रित रहती है, इसी कारण इसे किसानों का प्राकृतिक मित्र भी कहा जाता है।

### जहर सेवन से युवक की मौत

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कथरीमाल निवासी दीपक नामक 33 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था जिसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है।

## करोड़ों के उत्पाद का निर्माण करने वाले महिला समूह को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सीएम से पुरस्कार प्राप्त करती समूह की महिलाएं।

कटघोरा वनमंडल के अन्तर्गत संचालित वन धन विकास केन्द्र डोंगानाला की महिलाओं ने अपने मेहनत गुणवत्ता एवं आत्मनिर्भरता से प्रदेश में जिले का नाम रोशन किया गया। कृषि मंडप्पम आडोटोरियम रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सहकारिता सप्ताह 2026 के अन्तर्गत सहकारिता को सशक्त बनाने एवं ग्रामीण विकास को नई दिशा देने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वन धन विकास केन्द्र डोंगानाला के महिला स्व- सहायता समूह को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वनमंत्री केदार कश्यप की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। बताया जाता है कि वर्ष 2024-25 में समूह के द्वारा लगभग 2.27 करोड के उत्पाद का निर्माण कर सफल विक्रय किया गया था। इसी उपलब्धि के आधार पर राज्य सरकार ने समूह को सहकार प्रेरणा सम्मान एवं लाभांश राशि से सम्मानित किया गया है।

TOP IN KORBA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष) ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष) एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, MCom, Msc, PET, NEET की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये।
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

## खबर संक्षेप



### छात्रों के विभिन्न समस्याओं को लेकर स्कूलों में हुआ कार्यक्रम

**हरदीबाजार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनोज चौहान के निर्देश में मंगलवार को एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनमोहन राठौर के नेतृत्व में कोरबा (ग्रामीण) के उतरदा स्कूल के छात्रों के बीच पहुंचकर पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में धांधली, शिक्षा व्यवस्था की बदहाली और बढ़ती बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा किया गया। इस दौरान कोरबा ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनोज चौहान, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कौशल श्रीवास, अमन श्रीवास, अवतार चौहान, परमेश्वर कौशिक एवं बड़ी संख्या में छात्र, छात्राएं उपस्थित रहें।

### जर्जर सड़क से आवागमन करने में हो रही परेशानी



**ढेलवाडीह।** शुक्लाखर से देवरी होकर बुंदेली तक जाने वाली लगभग 3 से 4 किलोमीटर सड़क बुरी तरह से जर्जर हो गई है। जिसके कारण आवागमन में हो रही भारी परेशानी यही एकमात्र सड़क मार्ग है जो की आसपास के 20-25 ग्राम गांव ग्रामीण तहसील एवं जिला मुख्यालय तक जाते हैं एवं बांकीमोंगरा एवं आसपास के क्षेत्र क्षेत्र के लोगों दीपका जाने का एकमात्र रास्ता यही है। रास्ते में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने के कारण बरसात के दिनों में पानी भर जाने से गड्ढे का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता जिसे आए दिन दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। रात में आने जाने लोग जान जोखिम में डालकर इस रास्ता से आना-जाना करते हैं।

### सेवानिवृत्त होने पर प्रधानपाठक को दी गई विदाई



**चैतमा।** आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय शासकीय माध्यमिक विद्यालय चैतमा के प्रधानपाठक अरविंद कुमार साहू के सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। विद्यालय में 35 वर्ष लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने के बाद प्रधानपाठक अरविंद कुमार साहू की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह को संबोधित करते अतिथि सुकालू प्रजापति ने कहा कि शिक्षक कभी अपने कर्तव्यों से रिटायर नहीं होता। प्रधानपाठक श्री साहू ने अपने पूरे सेवाकाल में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की मिसाल पेश की है। इस अवसर पर प्राचार्य चंद्राणी सोम, एसएमडीसी अध्यक्ष सुकालू प्रजापति, अमरनाथ कैवर्त पूर्व शाला अध्यक्ष, डीके आदिले संसद प्रतिनिधि, कृष्णा यदु, सीपी जायसवाल व्याख्याता शिक्षक कर्मचारी वीरेंद्र कुमार बंजारे, सुरेन्द्र सिंह नेटी, राखी विंध्यराज, तारा सिंह राज, भागीरथी श्रीवास, नबीउल्ला सिद्दिकी, बलराम क्षत्री, विजेता चतुर्वेदी, विभा तांडे, पुष्पा कंवर, संजू कुमार जायसवाल, आस्था दुबे, चंद्रमुखी साहू, मुरारीलाल धीवर उपस्थित रहे।

# उद्योग मंत्री की पहल पर विकास कार्यों के लिए सीएसआर मद से 2.27 करोड़ की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



लखन देवांगन

नगर के समुचित विकास के संकल्प के साथ हर वार्ड को विकसित बनाने के वादे को पूरा करते हुए कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन के प्रस्ताव पर बालको प्रबंधन द्वारा सीएसआर मद अंतर्गत 10 वार्डों के विभिन्न विकास कार्यों हेतु 2 करोड़ 27 लाख की स्वीकृति प्रदान की है। मंत्री लखन लाल देवांगन के निरंतर प्रयासों से राज्य शासन के विभिन्न मद के साथ- साथ जिला खनिज न्यास, सीएसआर मद से विकास कार्यों हेतु स्वीकृति प्राप्त हो रही है। इसी का परिणाम है कि नगर के विकास आज हर वार्ड, हर मोहल्ले में तेज गति से जारी है, इसका लाभ आम जनमानस को निरंतर मिल रहा है।

स्वीकृत कार्यों में वार्ड 39 पाड़ीमार बालको अंतर्गत राठौर भवन के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 20 लाख रुपए, वार्ड 41 बालको अंबेडकर चौक के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 10 लाख रुपए, वार्ड 18 कोहड़िया मां भवानी मंदिर कौशिल्या धाम के पास बाउंड्रीवाल एवं अन्य विस्तार कार्य 20 लाख रुपए, वार्ड 16 पंपहाउस झोपड़ीपारा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 20 लाख रुपए, वार्ड 42 बालको देहानपारा मिश्रा तालाब से सर्वमंगला चौक तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य 20 लाख रुपए, वार्ड 46 बालको सुखसागर घर से हाईस्कूल तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य 27 लाख रुपए, वार्ड 20 शशी गबेल के घर से जे.पी. साहू तथा चुन्नीलाल के घर से रमेश शर्मा के घर तक नाली निर्माण कार्य 25 लाख रुपए, वार्ड 17 ढोढ़ीपारा के विभिन्न स्थानों में सीसी रोड निर्माण कार्य 20 लाख रुपए, वार्ड 31 राजेन्द्र प्रसाद नगर (फेस-1) दशहरा मैदान के पास रोड, स्टोर रूम का नवीनीकरण एवं अन्य विस्तार कार्य 25 लाख रुपए, वार्ड 52 अयोध्यापुरी में सर्वसुविधायुक्त मंगल भवन निर्माण कार्य 40 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।

### शहर को मिली सड़क रोशनी की नई सौगात

**खास बातें**

- चौक चौराहों में लगेगी हाईमास्ट लाइट
- रात में आवागमन को सुरक्षित बनाने की तैयारी

उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के सतत प्रयासों से जिला खनिज न्यास मद से लगभग 1 करोड़ रुपए की लागत से हाईमास्ट एवं स्ट्रीट लाइट स्थापना कार्यों को स्वीकृति मिली है। स्वीकृत प्रमुख कार्यों में दर्री बाजार में 16 मीटर हाईमास्ट लाइट 4.87 लाख, रिसदी चौक वार्ड 36 में 30 मीटर हाईमास्ट लाइट 10.64 लाख रुपए, बरबसपुर चौक वार्ड 9 में 30 मीटर हाईमास्ट लाइट 10.58 लाख रुपए, सर्वमंगला चौक से चंद्रनगर तिराहा वार्ड 62 तक स्ट्रीट लाइट कार्य 51.23 लाख रुपए, बरमपुर चौक में 18 मीटर हाईमास्ट लाइट 4.80 लाख रुपए, इमलीछापर चौक में 30 मीटर हाईमास्ट लाइट 8.88 लाख रुपए तथा सर्वमंगला चौक में 30 मीटर हाईमास्ट लाइट 8.86 लाख रुपए की स्थापना शामिल है। इन कार्यों के पूर्ण होने से प्रमुख चौक-चौराहों एवं मार्गों पर बेहतर प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध होगी, जिससे रात्रिकालीन आवागमन अधिक सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक बनेगा।

## हाउसिंग बोर्ड ने जारी किया टेंडर, निजी बिल्डर्स को सौंपा जाएगा काम

# कटघोरा सिंचाई कालोनी में बनेंगे नए आवास, पुराने होंगे डिस्मेंटल



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा विभाग अंतर्गत सिंचाई विभाग की पुरानी कालोनी को डिस्मेंटल कर उसकी जगह नए आवास बनाए जाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। हाउसिंग बोर्ड ने इसके लिए टेंडर जारी कर दिया है। निजी बिल्डर्स के माध्यम से कालोनी और विभाग के दफ्तर का निर्माण होगा।

सिंचाई विभाग के जिला मुख्यालय के साथ कटघोरा में आवासीय कालोनी का निर्माण किया गया है। और दोनों ही कालोनियों की स्थिति जर्जर हो चली है। छतों में प्लास्टिक डालकर विभाग के कर्मचारी रहने को मजबूर हैं। जिला मुख्यालय के विभागीय कालोनी को लेकर प्रशासनिक स्तर पर किसी तरह की गंभीरता नहीं दिखाई गई। वहीं कटघोरा अनुविभाग में स्थित सिंचाई विभाग की वर्षों पुरानी कालोनी और उसके दफ्तर को डिस्मेंटल कर उसकी जगह नई कालोनी की रूपरेखा सिंचाई विभाग के द्वारा तैयार की गई थी और इसके लिए हाउसिंग बोर्ड से बातचीत कर कालोनी और दफ्तर के नए भवन के लिए अनुबंध किया गया। इसके एवज में हाउसिंग बोर्ड को आवासीय कालोनी के निर्माण हेतु जमीन दिये जाने का प्रावधान था। किन्तु हाउसिंग बोर्ड को पूर्व में जमीन आबंटन होने के कारण वर्तमान में कोई जमीन नहीं मिली है। परन्तु कालोनी के निर्माण हेतु हाउसिंग बोर्ड ने अपनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### न्यायालय के बगल में आबंटित है जमीन

हाउसिंग बोर्ड के द्वारा अटल आवास योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत जेंजरा में आवासीय कालोनी का निर्माण किया गया है। इसी तरह कटघोरा में व्यवहार न्यायालय के बगल में भी हाउसिंग बोर्ड को जमीन आबंटित की गई है। जिसमें एमआईजी आवास का निर्माण किया गया है। कालोनी की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल का निर्माण पूरा हो चुका है। अपने आवासीय विस्तार योजना अंतर्गत अन्य आवास भी उक्त जमीन में ही बनाए जाएंगे।

### 70 आवास डबल स्टोरी में बनेंगे

हाउसिंग बोर्ड के द्वारा टेंडर प्रक्रिया जारी की गई है। पीपी मॉडल में तैयार होने वाली कालोनी और दफ्तर का लेआउट तैयार हुआ है। 70 आवास इस कालोनी में बनाए जाएंगे। जो डबल स्टोरी होंगे। वहीं विभाग का जो दफ्तर बनेगा उसे भी डबल स्टोरी किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। पार्किंग की व्यवस्था अलग से रहेगी। कालोनी की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल का भी निर्माण किया जाएगा। हाउसिंग बोर्ड के द्वारा इसका निर्माण निजी बिल्डर के द्वारा कराये जाने की तैयारी की गई है।

### टेंडर की प्रक्रिया चल रही

सिंचाई विभाग की कालोनी व दफ्तर के लिए नए भवन बनाए जाने हेतु टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। पीपी माडल में निजी बिल्डर से कालोनी में निर्माण कराया जाएगा।

**-योगेश कुमार पटेल,** ईई, हाउसिंग बोर्ड

# शराब पीकर वाहन चलाने वाले 20 चालकों पर गिरी गाज




जप्त वाहन।

**खास बात**

- 8 चार पहिया एवं 12 दो पहिया वाहन चालक नशे की हालत में पाए गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शराब पीकर वाहन चलाने वाले शराबी चालकों पर पुलिस ने विशेष अभियान चलाया, इस दौरान नशे में धुत्त होकर वाहन चलाते हुए 20 लोगों को पकड़ा है। जिनके खिलाफ धारा 185 के तहत कार्यवाही की गई है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में संचालित सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त थाना एवं यातायात इकाइयों द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान जिले के विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों पर चेकिंग प्वाइंट स्थापित कर ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से वाहन चालकों की सघन जांच की गई। विशेष जांच के दौरान कुल 20 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए, जिनके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की गई। इनमें 08 चार पहिया एवं 12 दो पहिया वाहन चालक शामिल हैं। सभी प्रकरणों में नियमानुसार आगे की वैधानिक एवं न्यायालयीन प्रक्रिया की जा रही है। जिला पुलिस द्वारा 1 जनवरी से अब तक शराब पीकर वाहन चलाने वाले कुल 1143 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रभावी कार्यवाही की जा चुकी है। यह अभियान सड़क सुरक्षा एवं यातायात अनुशासन को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार जारी है।

# दुकान के बाद स्वागत गेट की राशि में सामने आया गड़बड़ झाला




**खास बात**

- जनपद सीईओ ने पंचायत सचिव को जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरपाली

जनपद पंचायत करतला के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सरगबुंदिया में एक के बाद एक वित्तीय गड़बड़ियों के मामले सामने आते जा रहे हैं। पूर्व में दुकान निर्माण के लिए निकाली गई राशि में दुकान का निर्माण नहीं होने का मामला सामने आया था। अब स्वागत गेट का एक मामला सामने आया है। जिसमें निर्माण की राशि मिलने के बाद भी कार्य नहीं कराया गया। मामले में जनपद सीईओ द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी की गई है।

पूरे मामले के अनुसार वर्ष 2021-22 में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-149 बी के चौड़ीकरण कार्य के अंतर्गत ग्राम पंचायत सरगबुंदिया में स्वागत गेट निर्माण के लिए 86 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई थी। निर्माण कार्य के लिए 43 हजार रुपये की पहली किस्त आरटीजीएस के माध्यम से जारी की गई, लेकिन आज तक कार्य पूरा नहीं कराया गया। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने इसे शासकीय राशि के दुरुपयोग की श्रेणी में मानते हुए पूर्व सरपंच श्रीमती आराधना तंवर और सचिव प्रमोद कुमार राठिया को नोटिस जारी किया है। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि तीन दिन के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण कर पूर्णता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें, अन्यथा नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कुछ दिनों पहले जनपद पंचायत करतला द्वारा सरगबुँदिया पंचायत को दुकान निर्माण के राशि आहरण पश्चात भी निर्माण नहीं करने के खिलाफ नोटिस जारी किया था और अब एक और मामले के उजागर होने से पंचायत की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### नोटिस जारी कर मांगा गया जवाब

स्वागत गेट के मामले में संज्ञान लिया गया है। सरपंच व सचिव को मामले में नोटिस जारी की गई है। निर्माण संबंधी अनियमितता या कोई भी गड़बड़ी सामने आएगी तो इस मामले में कार्यवाही की जाएगी।

**वैभव कौशिक,** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जपं करतला

# पुलिस ने 67 वारंटियों को भेजा न्यायिक रिमांड पर जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पुलिस गिरफ्त में फरार वारंटी।

जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा फरार आरोपियों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को विशेष अभियान चलाकर वारंटियों की तामिली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसी कड़ी में सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के अंतर्गत दो दिनों में कुल 11 स्थायी वारंटी एवं 56 गिरफ्तारी वारंटी, अर्थात कुल 67 वारंटियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए सभी वारंटी न्यायालय द्वारा पूर्व में जारी वारंटों के बावजूद लंबे समय से फरार चल रहे थे। कोरबा पुलिस द्वारा उनकी सतत निगरानी, पतासाजी एवं सूचना संकलन करते हुए योजनाबद्ध कार्रवाई कर गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई। गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## साइकिल सवार युवक की संदिग्ध अवस्था में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी



मृतक

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत सरगबुंदिया चौक में मंगलवार को सुबह लगभग 10 बजे एक 35 वर्षीय व्यक्ति साइकिल चलाते अचानक सड़क पर गिर पड़ा और गिरते ही वह बेहोश हो गया। आसपास के लोगों की नजर पड़ी तो तत्काल घटना की सूचना डायल 112 की टीम को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। उरगा पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो पायी है शिनाख्ती की कार्यवाही की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सके।




## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

# सड़क सुरक्षा कार्यों में लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारियों की तय होगी जवाबदेही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं यातायात नियमों के बेहतर पालन सुनिश्चित करने कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों तथा आवश्यक सुधारात्मक उपायों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों एवं निर्देशों के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए विभागीय समन्वय, सतत निगरानी एवं समयबद्ध कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप सभी कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने, दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत करने तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिले के चिन्हित ब्लैक स्पॉट एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में विभागों द्वारा किए जा रहे सुधारात्मक कार्यों की अद्यतन प्रगति की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने सड़क किनारे झाड़ियों की नियमित सफाई, अतिक्रमण हटाने, क्षतिग्रस्त एवं निम्न स्तर के रोड शोल्डर की मरम्मत, आवश्यक स्थानों पर रेडियमयुक्त चेतावनी एवं संकेतक बोर्ड लगाने, स्पीड ब्रेकर, रंबल स्ट्रिप तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कटघोरा-अंबिकापुर मार्ग के तीव्र मोड़ों एवं दुर्घटना संभावित स्थलों पर रंबल स्ट्रिप, रोड शोल्डर एवं क्रैश बैरियर स्थापित कर यातायात को सुरक्षित एवं सुगम बनाने की कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।




बैठक लेते कलेक्टर व एसपी।

### पीडब्ल्यूडी विभाग को नोटिस जारी

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले के भैंसमा स्कूल से सक्ती मोड़, बालको ऐश डेक रोड, रिस्दी ब्रिज से बजरंग चौक मार्ग, दीपका-झाबर रोड, दीपका थाना चौक सहित अन्य स्थानों पर सड़क निर्माण, जंक्शन सुधार, रंबल स्ट्रिप एवं संकेतक बोर्ड लगाने जैसे सौपे गए कार्यों में लोक निर्माण विभाग द्वारा अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

